जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सहारनपुर।

कार्यालय ज्ञाप **दिनांकः 20.07.2023**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निशुल्क और सक्षम विधिक सेवा) विनियम 2010 के अर्न्तगत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहारनपुर व तहसील विधिक सेवा समिति देवबन्द, नकुड, बेहट, रामपुर मनिहारान एवं सहारनपुर हेतु नियुक्त पैनल लॉयर का कार्यकाल दिनांक 04.08.2023 को समाप्त होने के उपरांत नये पैनल लायर की नियुक्ति अगले तीन वर्षो के लिये की जानी है।

पैनल लॉयर की नियुक्ति हेतु योग्यताः–विधि व्यवसाय में तीन वर्ष का अनुभव।

इच्छुक अधिवक्ता अपना आवेदन पत्र 04.08.2023 तक निम्न प्रारूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में जमा करा सकता है।

तहसील विधिक सेवा समिति देवबन्द मे कार्यरत अधिवक्तागण अपना आवेदनपत्र सिविल जज सीनियर डिवीजन देवबन्द व तहसील बेहट मे कार्यरत अधिवक्तागण अपना आवेदनपत्र ग्राम न्यायालय बेहट के न्यायालय में दिनांक 4.08. 2023 तक जमा कर सकते है।

आवेदन का प्रारूप

1. आवेदक का नाम..

फोटो

2. पिता का नाम..

3. जन्मतिथि..

4. जाति..

5. शैक्षिक योग्यता..

6. पंजीयन संख्या...

7. पूर्ण पता...

8. मोबाईल नं0.. ईमेल आईडी.......................................

9. विधिक व्यवसाय का प्रकार अर्थात दीवानी, फौजदारी व राजस्व........................

10. आवेदक के विरूद्व कोई फौजदारी वाद लम्बित है अथवा नही..........................

11. क्या आप पूर्व मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल लायर रहे अथवा नही

धोषणा

मै घोषणा करती हूँ/करता हूँ कि उपरोक्त समस्त तथ्य सत्य है।

दिनांक   प्रार्थी के हस्ताक्षर

स्थान

भवदीय

(सुरेन्द्र सिंह) 20/7/23

पूर्ण कालिक सचिव/अपर जिला जज
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सहारनपुर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदया को अवलोकनार्थ सादर प्रेषित।

2. अध्यक्ष सिविल एवं कलैक्ट्रेट सहारनपुर एवं अध्यक्ष बार एसोसियेशन तहसील सदर, नकुड, बेहट, देवबन्द एवं रामपुरर मनिहारान को इस आशय से प्रेषित कि कृपया आवेदन पत्र के प्रारूप को बार एसोसियेशन के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने का कष्ट करे तथा उक्त सूचना से बार एसोसियेशन के समस्त सदस्यगण को भी अवगत कराने का कष्ट करे।

3. तहसीलदार/सचिव तहसील विधिक सेवा समिति सदर,नकुड,बेहट,देवबन्द एवं रामपुर मनिहारान को इस आशय से प्रेषित कि वह इच्छुक अधिवक्ताओं का प्रार्थना पत्र नियत तिथि तक प्राप्त कर दिनांक 5.08.2023 को सायकालः 4.00 बजें इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करे। तथा अपनी अपनी बार एसोसियेशन के अध्यक्ष महोदय से सम्पर्क स्थापित कर उक्त सूचना से उन्हे अवगत करा दे तथा सम्बन्धित कर्मचारी को निर्देशित करने का कष्ट करे कि वह बार एसोसियेशन के नोटिस बोर्ड पर उक्त सूचना चस्पा करना सुनिश्चित करें।

4. नोटिस बोर्ड, प्रशासनिक कार्यालय, सिविल एवं कलैक्ट्रेट बार एसोसियेशन बार सहारनपुर।

5. सिस्टम मनैजर कम्पयूटर विभाग सहारनपुर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना जिला न्यायालय की वेबसाइट कर डालना सुनिश्चित करें।

6. श्रीमान उपनिदेशक सूचना विभाग को इस आशय से प्रेषित उक्त सूचना समस्त दैनिक समाचार पत्रो में निशुल्क छपवाना सुनिश्चित करे।

20/7/23

पूर्ण कालिक सचिव/अपर जिला जज
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सहारनपुर।